‘स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण’-चरण II (Swachh Bharat Mission Grameen-Phase II)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/swachh-bharat-mission-grameen-phase-ii

- जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने 2 अक्तूबर, 2021 को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर ‘स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण’-चरण II के तहत ओडीएफ प्लस की गति को तेज़ करने तथा इसकी उपलब्धियों को बनाए रखने के लिये महत्त्वपूर्ण गतिविधियों व अभियानों का आयोजन किया।
- स्वच्छ भारत दिवस पर **स्थायित्व एवं सुजलाम अभियान** के तहत लगभग 1658 सामुदायिक सोख्ता गड्ढों और 418 घरेलू सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया गया। इस अभियान **की शुरुआत 25 अगस्त, 2021 को 100 दिनों की अवधि के लिये की गई थी,** जिसमें तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिये 1 मिलियन सोख्ता गड्ढों का निर्माण, शौचालयों के पुनःसंयोजन तथा ओडीएफ निरंतरता का लक्ष्य रखा गया था।
- **राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह रथ यात्रा के तहत स्वच्छता रथों का शुभारंभ किया गया।** इन रथों ने ज़िलों/ब्लॉकों व ग्राम पंचायतों से लेकर राजधानी तक की यात्रा की, जिसमें स्वच्छता पर जन जागरूकता के प्रसार तथा ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में महत्त्वपूर्ण कार्य किया गया।
- **स्वच्छता ही सेवा- 2021 के दौरान, सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देने के लिये विभिन्न गतिविधियों का आयोजन** किया गया, जिसमें 60 लाख से अधिक लोगों ने श्रमदान गतिविधियों में अपना योगदान दिया।
- पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, स्वच्छता संवाद के तहत अप्रैल 2020 से सरपंचों, कलेक्टरों, ज़िला परिषद् अधिकारियों, बीडीओ तथा अन्य स्वच्छता हितधारकों के साथ चर्चा या 'संवाद' का आयोजन कर रहा है।

X

संस्कृति IAS
श्री अखिल मूर्ति के निर्देशन में
सामान्य अध्ययन फाउंडेशन
(प्रिलिम्स + मेन्स)
ऑफलाइन बैच
कक्षा आरंभ : 15 नवंबर 2021
समय : 3:00 PM – 6:00 PM
ऑनलाइन लाइव कोर्स
कक्षा आरंभ : 11 अक्टूबर 2021
समय : 6:30 PM – 9:00 PM
www.sanskritiias.com
74280 85757 / 58